
**The ACHIEVERS IAS ACADEMY**

**LANGUAGE -HINDI**

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

**8 – 06 – 22**

**WEDNESDAY**



## 1. प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत महोत्सव के डिजाइन वाले सिक्कों की नयी सीरीज़ की जारी, दृष्टिहीन भी आसानी पहचान सकेंगे सिक्के



नयी दिल्ली:प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सिक्कों की एक नयी श्रृंखला पेश की, जो 'दृष्टिहीनों के अनुकूल' भी हैं।

ये सिक्के 1 रुपये, 2 रुपये, 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के हैं और इस पर आजादी के अमृत महोत्सव (एकेएएम) का डिजाइन बना है। ये विशेष रूप से जारी किए सिक्के नहीं है, बल्कि आम चलन में बने रहेंगे। मोदी ने वित्त मंत्रालय के 'आइकॉनिक सप्ताह समारोह' को संबोधित करते हुए कहा, "सिक्कों की ये नयी श्रृंखला लोगों को अमृत काल के लक्ष्य की याद दिलाएगी और लोगों को देश के विकास की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगी।"

इस मौके पर मोदी ने 'जन समर्थ पोर्टल' की शुरुआत भी की, जो 12 सरकारी योजनाओं का क्रेडिट-लिंक्ड पोर्टल है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इनमें से प्रत्येक योजना को पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा, "इस पोर्टल से सहूलियत बढ़ेगी और नागरिकों को सरकारी कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए हर बार एक ही सवाल पूछना नहीं पड़ेगा।"

## 2. IIFA 2022 में विक्की कौशल (Vicky Kaushal) को फिल्म 'सरदार उधम सिंह' के लिए बेस्ट एक्टर के खिताब से नवाजा गया.



अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2022 (IIFA 2022) इस साल अबू धाबी में आयोजित किए गए हैं। बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड सरदार उधम सिंह के लिए विक्की कौशल के नाम रहा। वहीं, फिल्म मिमी के लिए कृति सेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। हालांकि, फिल्म शेरशाह के नाम सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स रहे।

आईफा अवॉर्ड्स 2022 (IIFA Awards 2022) में शेरशाह (Shershah) की धूम रही। शेरशाह को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा फिल्म के गाने राता लंबियां के लिए असीस कौर को बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल, इसी गाने के लिए जुबिन नौटियाल को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला।

फिल्म के डायरेक्टर विष्णुवर्धन को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं, तनिष्क बागची, जसलीन, जावेद मोहसीन, विक्रम मॉन्टरूस, बी प्राक और जानी को

शेरशाह के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन का अवॉर्ड अपने नाम किया है।

### 3. भारत ने किया अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण, 400 KM दूरी तक वार करने में सक्षम



भारत ने सोमवार को ओडिशा के ए पी जे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का कामयाब परीक्षण किया। इस मिसाइल का सफल परीक्षण देश की सैन्य क्षमताओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण शाम करीब साढ़े सात बजे किया गया। अग्नि-4 का सफल परीक्षण भारत की 'विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता' की नीति की पुष्टि करता है।

मंत्रालय के अनुसार, 'मध्यम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण सोमवार को शाम लगभग साढ़े सात बजे ए पी जे अब्दुल कलाम द्वीप ओडिशा से किया गया।'

मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण ने सभी परिचालन मानकों के साथ-साथ प्रणाली की विश्वसनीयता को भी साबित किया। बयान में कहा गया, 'सफल परीक्षण 'विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध' क्षमता रखने की भारत की नीति की पुष्टि करता है।'

### 4 . सीडीएस नियुक्ति की तैयारी तेज, रक्षा मंत्रालय ने नियमों में संशोधन के लिए जारी की अधिसूचना




नए चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के लिए सरकार सेवानिवृत्त और सेवारत दोनों अधिकारियों की नियुक्ति कर सकती है. गौरतलब है कि इस बारे में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) की नियुक्ति से संबंधित 3 रक्षा बलों के नियमों में संशोधन के लिए गजट अधिसूचना जारी की. CDS की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार उन अधिकारियों पर विचार कर सकती है जो लेफ्टिनेंट जनरल के समकक्ष या सामान्य समकक्ष के रूप में सेवा कर रहे हैं. साथ में ऐसे अधिकारी जो लेफ्टिनेंट जनरल या जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन नियुक्ति की तारीख को 62 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है.

### 5. बजराम बेगज निर्वाचित हुए अल्बानिया के नए राष्ट्रपति



तिराना, 5 जून (आईएएनएस)। अल्बानियाई सशस्त्र बलों (एएएफ) के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ का पद संभालने वाले बजराम बेगज अल्बानिया के देश के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं।

The ACHIEVERS IAS ACADEMY

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार के संसद सत्र की शुरूआत में 140 में से कुल 103 सांसद मौजूद थे, लेकिन मतदान में केवल 83 ने भाग लिया। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी सहित अधिकांश विपक्षी सांसदों ने इस प्रक्रिया का बहिष्कार किया।

शनिवार को, मीडिया को लिखे एक पत्र में, बेगज ने घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को जारी रखने के लिए सांसदों के लिए मार्ग प्रशस्त करने के लिए मेजर जनरल के रूप में अपने सैन्य पद से इस्तीफा दे दिया है।

शनिवार को, निवर्तमान राष्ट्रपति इलिर मेटा ने एएएफ के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ के रूप में बेगज के पद छोड़ने से संबंधित डिक्री पर हस्ताक्षर किए।

अल्बानियाई संसद पहले तीन दौर में एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने में विफल रही थी क्योंकि किसी भी संसदीय समूह द्वारा कोई उम्मीदवार प्रस्तावित नहीं किया गया था।

देश के संविधान के अनुसार, पहले तीन राउंड में एक प्रस्तावित उम्मीदवार को राष्ट्रपति के रूप में चुनने के लिए और चौथे और पांचवें राउंड में 71 वोटों के पक्ष में कुल 84 वोटों की आवश्यकता होती है।


### 6. 14 वर्ष पांच माह की ईतु सबसे कम उम्र की कबड्डी खिलाड़ी है



झारखंड की ईतू मंडल ने शनिवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पहला गेम खेलने से पूर्व ही रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर लिया। मात्र 13 साल की उम्र में युवा खेलों के इस संस्करण में कबड्डी खिलाड़ियों का सामना करने वाली ईतू सबसे कम उम्र की कबड्डी प्रतियोगी है।

एक ट्रैक्टर चालक की बेटी ईतू मंडल को सिर्फ आठ साल की आयु में ही कबड्डी से गहरा लगाव हो गया था। अपने आस-पास की सभी ताकतवर महिलाओं से प्रभावित होकर वह अंडर -18 युवा टीम का हिस्सा बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ी है।

### 7. सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक 1 अक्टूबर से बंद कर देगा अपनी ATM बैंकिंग सर्विस




Suryoday Small Finance Bank stops ATM Service: सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है. सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक (Suryoday Small Finance Bank) एक अक्टूबर से अपनी ATM सर्विस को बंद करने जा रही है. बैंक ने ऑपरेशनल दिक्कतों को हवाला देते हुए कहा कि वह अपने ATM सर्विस को बंद करने जा रही है.

**दूसरे बैंकों के ATM का कर सकेंगे इस्तेमाल**

सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक (Suryoday Small Finance Bank) की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक बैंक ऑपरेशनल दिक्कतों (Due to operational reasons) के कारण बैंक 1 अक्टूबर से अपनी ATM

सर्विस को बंद करने जा रही है. हालांकि बैंक के ग्राहक दूसरे बैंकों के ATM से कैश विड्राल समेत अन्य सर्विस लेना जारी रख सकते हैं. इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा.

### 8. पर्यावरण के मामले में 180 देशों में भारत इसमें सबसे निचले पायदान पर है



पर्यावरण के मामले में 180 देशों की बात करें तो भारत इसमें सबसे निचले पायदान पर है। वर्ष 2022 में इंवॉयरमेंट परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत सबसे नीचे है। पर्यावरण के मापने के सूचकांक में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है।

**नई दिल्ली**

पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (EPI) 2022 की 180 देशों की लिस्ट में भारत सबसे नीचे स्थान पर पहुंच गया है। भारत का ये EPI स्कोर चिंता की बात है। हर दो साल में आने वाले पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक की 11 श्रेणियों के 40 मानकों में भारत की रैंकिंग 180वीं रही है। EPI की ये लिस्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) येल सेंटर फॉर इन्वायरमेंट लॉ एंड पॉलिसी और कोलंबिया यूनिवर्सिटी सेंटर इंटरनेशनल अर्थ साइंस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क (CIESIN) मिलकर तैयार करते हैं।

### 9. RBI Monetary Policy: रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 0.50% बढ़ाकर 4.90% किया, बढ़ती महंगाई पर रहेगा फोकस




आरबीआई ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिये बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले, चार मई को आरबीआई ने अचानक से रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की थी। आरबीआई के इस कदम से कर्ज महंगा होगा और कर्ज की मासिक किस्त यानी ईएमआई बढ़ेगी।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया। पहले मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

**आम सहमति से नीतिगत दर में बढ़ोतरी का फैसला**

दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने आम सहमति से नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई दर चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में छह प्रतिशत से ऊपर बने रहने की आशंका है।

**10. भारतीय सेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त अभ्यास 'एक्स खान क्वेस्ट 2022' में लिया भाग**



06 जून, 2022 को 16 देशों की सैन्य टुकड़ियों की भागीदारी वाला एक बहुराष्ट्रीय शांतिवाहिनी अभ्यास 'एक्स खान क्वेस्ट 2022' मंगोलिया में आरंभ हुआ है। मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख ने मंगोलिया में अभ्यास स्थल पर आयोजित एक भव्य समारोह में अभ्यास का उद्‌घाटन किया। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व लद्दाख स्काउट्स की एक टुकड़ी ने किया।

**ONE LINER**

**• विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस 2022 (World Brain Tumor Day 2022) की थीम यह है- Together We Are Stronger**

**· वह राज्य सरकार जिसने राज्य के खिलाड़ियों को राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की है- राजस्थान**

**· जिस देश को पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक-2022 (Environmental Performance Index-2022) में सबसे नीचे स्थान दिया गया है- भारत**

**· भारत और जिस देश के बीच 05 जून से 16 जून, 2022 तक एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'पूर्व सम्प्रीति-X' (EX SAMPRITI-X) का आयोजन किया जा रहा है- बांग्लादेश**

**· भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 08 जून 2022 को रेपो दर में जितने फीसदी की बढ़ोतरी का घोषणा किया है-0.50 फीसदी**

**· आलोक कुमार चौधरी जिस बैंक के नए प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है- एसबीआई**

**· विश्व महासागर दिवस (World Oceans Day) जिस दिन मनाया जाता है-8 जून**

**· अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान के नए अध्यक्ष जिसे नियुक्त किया गया- सतीश पाई**

**QUIZ**

**1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 08 जून 2022 को रेपो दर में कितने फीसदी की बढ़ोतरी का घोषणा किया है?**

a. 0.10 फीसदी　　b. 0.50 फीसदी

c. 0.90 फीसदी　　d. 0.20 फीसदी

**b. 0.50 फीसदी**

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हाल ही में एक बार फिर से रेपो रेट बढ़ाने (Repo Rate Hike) का घोषणा कर किया है. अब रेपो रेट 0.50 फीसदी बढ़कर 4.90 फीसदी हो गया है. यह लगभग एक महीने के अंतराल में रेपो रेट में लगातार दूसरी बढ़ोतरी है. आरबीआई के इस फैसले से बैंक ग्राहकों को जोरदार झटका लग सकता है, क्योंकि जल्द ही बैंक पर्सनल लोन, होम लोन और कार लोन की EMI में बढ़ोतरी कर सकते हैं.

**2. आलोक कुमार चौधरी किस बैंक के नए प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है?**

a. एसबीआई b. पीएनबी

c. बैंक ऑफ बड़ौदा d. बैंक ऑफ इंडिया

**a. एसबीआई**

आलोक कुमार चौधरी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नए प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है. आलोक कुमार चौधरी ने साल 1987 में Probationary officer के रूप में बैंक में नौकरी की शुरुआत की थी. मैनेजिंग डायेक्टर के पद पर पहुंचने से पहले वे डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर फाइनेंस और HR की भी जिम्मेदारी निभा चुके है. इससे पहले आलोक चौधरी तीन साल के लिए एसबीआई के दिल्ली सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) के रूप में भी काम कर चुके हैं. बैंक के साथ अपने 32 साल के करियर के दौरान उन्होंने अलग-अलग पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं.

**3. विश्व महासागर दिवस (World Oceans Day) निम्न में से किस दिन मनाया जाता है?**

a. 10 जनवरी b. 12 मार्च

c. 8 जून d. 14 अप्रैल

**c. 8 जून**

विश्व महासागर दिवस (World Oceans Day) प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है. यह दिवस मुख्य रूप से लोगों के महासागरों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है. महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करता है. पहला विश्व महासागर दिवस वर्ष 2009 में 'हमारे महासागर, हमारी जिम्मेदारी' विषय के साथ मनाया गया था. विश्व महासागर दिवस मनाने का प्रमुख कारण विश्व में महासागरों के महत्त्व और उनकी वजह से आने वाली चुनौतियों के बारे में विश्व में जागरूकता पैदा करना है.

**4. अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान के नए अध्यक्ष निम्न में से किसे नियुक्त किया गया?**

a. सतीश पाई b. राहुल त्यागी

c. मोहन मल्होत्रा d. अशोक अग्निहोत्री

**a. सतीश पाई**

अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान (International Aluminium Institute) ने सतीश पाई को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है. वे हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादकों में से एक है. इससे पहले वाइस चेयरमैन के रूप में कार्य करते हुए, वे अल्को कॉर्पोरेशन के मुख्य नवाचार अधिकारी बेन कहर्स का स्थान लेंगे.

**5. विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस 2022 (World Brain Tumor Day 2022) की थीम क्या है?**

a. Stop Multiple Sclerosis b. Stop Multiple Stronger

c. Together We Are Stronger d. इनमें से कोई नहीं

**c. Together We Are Stronger**

दुनियाभर में हर साल 8 जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है. ये दिवस ब्रेन ट्यूमर के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को शिक्षित करने के

उद्देश्य से मनाया जाता है. ब्रेन ट्यूमर तब होता है जब मस्तिष्क में असामान्य कोशिकाएं बड़े पैमाने बढ़ जाती हैं और यह कैंसर और नॉन-कैंसर दोनों हो सकता है. वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे 2022 की थीम 'Together We Are Stronger' है.

**6. किस राज्य सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों को राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की है?**

a. बिहार b. पंजाब

c. तमिलनाडु d. राजस्थान

**d. राजस्थान**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को फिर से राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिए जाएंगे. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में खेलों के विकास के लिए बड़े फैसले ले रही है. साथ ही पदक विजेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि में वृद्धि जारी रहेगी. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक 29 अगस्त 2022 से शुरू होंगे. इसमें सभी उम्र के 27 लाख से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. उन्होंने कहा कि यह आयोजन राज्य में प्रतिभा खोज का एक बड़ा मंच बनेगा.

**7. किस देश को पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक-2022 (Environmental Performance Index-2022) में सबसे नीचे स्थान दिया गया है?**

a. भारत b. चीन

c. रूस d. जापान

**a. भारत**

भारत को पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक-2022 (Environmental Performance Index-2022) मं सबसे नीचे स्थान दिया गया है. इन देशों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाले सूचकांक में देश ने 180 देशों में सबसे कम स्कोर किया है. पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2022 में भारत 18.9 के कुल स्कोर के साथ 180वें स्थान पर है और पिछले एक दशक में प्रदर्शन में 0.6 अंकों की गिरावट आई है. भारत के पड़ोसी देशों ने बेहतर प्रदर्शन किया है जिसमें पाकिस्तान 176वें और बांग्लादेश 177वें स्थान पर है.

**8. भारत और किस देश के बीच 05 जून से 16 जून, 2022 तक एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'पूर्व सम्प्रीति-X' (EX SAMPRITI-X) का आयोजन किया जा रहा है?**

a. चीन b. रूस

c. पाकिस्तान d. बांग्लादेश

**d. बांग्लादेश**

भारत-बांग्लादेश के बीच 05 जून से 16 जून, 2022 तक बांग्लादेश के जशोर सैन्य स्टेशन पर एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'पूर्व सम्प्रीति-X' (EX SAMPRITI-X) का आयोजन किया जा रहा है. अभ्यास सम्प्रीति दोनों देशों द्वारा बारी-बारी से आयोजित किया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण द्विपक्षीय रक्षा सहयोग है. इस अभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है.